पेज 273

**प्रश्न 1:**

ऊर्जा का उत्तम स्रोत किसे कहते हैं?

**उत्तर 1:**

निम्नलिखित गुणों के आधार पर ऊर्जा का कोई स्रोत एक उत्तम स्रोत कहलाता है:

- इसका उपयोग करना सुविधाजनक हो।
- इसको आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जा सके।
- प्रयाप्त ऊर्जा प्रदान करे।
- लंबी अवधि तक स्थिर दर से ऊर्जा उपलब्ध करा सके।

**प्रश्न 2:**

उत्तम ईंधन किसे कहते हैं?

**उत्तर 2:**

एक उत्तम ईधन उसे कहते है जो –

- सरलता से उपलब्ध हो।
- ईधन का ऊष्मीय मान अधिक हो।
- प्रति एकांक आयतन पर अधिक ऊर्जा उत्पन्न करे।
- भण्डारण तथा परिवहन करने में आसान हो।
- सस्ता होना चाहिए ताकि सबकी पहुँच में हो।

**प्रश्न 3:**

यदि आप अपने भोजन को गरम करने के लिए किसी भी ऊर्जा-स्रोत का उपयोग कर सकते हैं तो आप किसका उपयोग करेंगे और क्यों?

**उत्तर 3:**

हम अपने भोजन को गरम करने के लिए LPG गैस का उपयोग करेंगे। इसके निम्नलिखित कारण हैं:

- यह जलने पर धुआं या राख नहीं छोड़ता है और बहुत कम मात्रा में प्रदूषण फैलाता है।
- यह सस्ता है और इसका परिवहन तथा भण्डारण भी आसान है।
- इसका ज्वलनांक भी अधिक है, अतः यह कमरे के ताप पर आग नहीं पकड़ता है।